मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होंगे मुख्य अतिथि

आचार्य महाप्रज्ञ का 90वां जन्म दिवस समारोह 21 को

लाडनूं, 16 जून।

इस सदी के महान संत अणुव्रत अनुशास्ता आचार्यश्री महाप्रज्ञ का 90वां जन्म दिवस समारोह प्रज्ञा दिवस के रूप में 21 जून को प्रातः 8.30 बजे जैन विश्व भारती स्थित सुधर्मा सभा में आयोजित किया जायेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत होंगे।

आचार्य महाप्रज्ञ के शिष्य मुनिश्री जयंत कुमार ने बताया कि 21 जून को आचार्यश्री महाप्रज्ञ के 90वें वर्ष में प्रवेश करेंगे। आचार्यश्री महाप्रज्ञ ने पीछले 8 वर्षों में अहिंसा यात्रा के माध्यम से राष्ट्रपति भवन से लेकर गरीब की झोंपड़ी तक हिंसा के कारणों को खोजा है। आम आदमी को केवल प्रवचनों के माध्यम से ही नहीं बल्कि देशभर में फैले 253 अहिंसा प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षित करने का कार्य करवाया जा रहा है। आचार्यश्री ने अहिंसा की पुरानी चली आ रही अवधारणााओं को नये रूप में समाज के सामने प्रस्तुत करते हुए यह अनुभव किया कि स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र की आवश्यकता है। इस हेतु उन्होंने सापेक्ष अर्थशास्त्र के रूप में अर्थशास्त्रियों के सम्मुख नया कन्सेप्ट प्रस्तुत किया है।

मुनि जयंत कुमारजी ने बताया कि आचार्यप्रवर का जन्म दिवस प्रज्ञा दिवस के रूप में देश भर में मनाया जायेगा। जगह-जगह अहिंसा रेलियों का आयोजन किया जायेगा। मुनिश्री ने बताया कि 21 जुलाई को ब्रह्म मुहूत्र्र में आचार्यश्री के पैतृक ग्राम निवासी थाल बजाकर उनके जन्म दिवस की शुभ घड़ी का स्मरण करायेंगे और युवाचार्य महाश्रमण के दिग्दर्शन में मुनिजन एवं श्रावक-श्राविकाएं मंगल गीतों से अभ्यर्थना करेंगे। सूर्योदय के पश्चात साध्वी प्रमुखा कनकप्रभा के नेृत्व में साध्वियों, समणियों के द्वारा अभिवन्दना प्रस्तुत की जायेगी। मूल विराट समारोह प्रातः 8.30 बजे आयोजित होगा। इस समारोह में आचार्यश्री महाप्रज्ञ के व्यक्तित्व एवं कर्तृत्व पर रोचक परिसंवादों, वक्ताओं के द्वारा प्रकाश डाला जायेगा। इसी समारोह में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। आचार्य महाप्रज्ञ अपने 90वें जन्म दिवस पर स्वस्थ जीवन के राज का खुलासा करेंगे एवं आगामी वर्षों की योजनाओं पर मंतव्य प्रस्तुत करेंगे।

- अशोक सियोल

99829 03770